कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला– होशंगाबाद (म.प्र.)

(फोन– 07574–253655, E-mail- dcourthos-mp@nic.in)

परिपत्र

क्रमांक **481** / दो–1–8 / 19 होशंगाबाद दिनांक 04.05.2020

प्रति,

(1) समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण, जिला होशंगाबाद
(2) समस्त अनुभाग, प्रभारी अधिकारीगण, जिला होशंगाबाद (म.प्र.)
(3) प्रस्तुतकार, जिला न्यायाधीश होशंगाबाद (म.प्र.)
(4) प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय होशंगाबाद (म.प्र.)
(5) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण होशंगाबाद (म.प्र.)
(6) प्रशासनिक अधिकारी / उपप्रशासनिक अधिकारीगण, कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश होशंगाबाद

विषयः– कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण से बचाव हेतु आरोग्य सेतु एप का उपयोग किये जाने के संबंध में।

––00––

उपरोक्त विषयानुसार कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा मोबाईल हेतु प्रचलित कर सुझाये गये **आरोग्य सेतु** एप्प को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करने को कहा गया है। इस एप्प को मोबाईल में डाउनलोड करने पर कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति यदि आसपास मौजूद हैं तो तत्काल मोबाईल में संकेत दर्शित होते हैं, जिससे संक्रमण को फैलने से बचने में सहायता मिलती है, इस कारण उपरोक्त मोबाईल एप्प सभी को डाउनलोड करना अत्यंत उपयोगी है।

अतः इस न्यायिक जिला स्थापना होशंगाबाद के जिला मुख्यालय एवं समस्त तहसीलों पर कार्यरत सिविल न्यायालयों में कार्यरत समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी शासकीय सेवकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने मोबाईल में **आरोग्य सेतु** एप्प को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें।

Sd/-

(चन्द्रेश कुमार खरे)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश
होशंगाबाद

पृष्ठां.क्र. **482** / दो–1–8 / 19 होशंगाबाद दिनांक 04.05.2020

आदेशानुसार प्रतिलिपिः–

(1) अध्यक्ष / सचिव, अभिभाषक संघ एवं समस्त अभिभाषकगण होशंगाबाद / इटारसी / पिपरिया / सोहागपुर / सिवनीमालवा, जिला होशंगाबाद (म.प्र.)
(2) लोक अभियोजक / अपर लोक अभियोजकगण जिला होशंगाबाद (म.प्र.)
(3) जिला अभियोजन अधिकारी / सहायक लोक अभियोजन अधिकारीगण जिला होशंगाबाद, (म.प्र.) की ओर उक्त परिपत्र अनुसार मोबाईल में आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड करने के लिए अनुरोध सहित प्रेषित्।
(4) सिस्टम ऑफीसर होशंगाबाद की ओर भेजकर निर्देश है कि समस्त संबंधितों को ई–मेल / व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करने एवं परिपत्र की प्रति होशंगाबाद जिले की वेबसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित्।

04/05/2020

प्रशासनिक अधिकारी
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
होशंगाबाद

Scanned with CamScanner